प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 01.11.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल पहुंच और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिय पीलीभीत में 720 और गोरखपुर में एक हजार 273 डिजिटल इंडिया सामान्य सेवा केन्द्रों की होगी स्थापना।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में सुनी जन–समस्याएं : अधिकारियों को त्वरित समाधान के दिये निर्देश।
3. राज्य में आज दूसरे दिन भो हर्षोल्लास से मनाई जा रही है दीपावली : बुंदेलखंड में लठमार दोवाली और लोकनृत्य की धूम।

और

4. प्रदेश में अलग–अलग सड़क हादसों में सात लोगों की मौत, चार घायल।

———————

देश के ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल पहुंच और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिये देशभर में चार हजार 740 डिजिटल इंडिया सामान्य सेवा केन्द्र बनाये जायेंगे। इस क्रम में प्रदेश के पीलीभीत में 720 और गोरखपुर मे एक हजार 273 केन्द्रों की स्थापना की जायेगी। इस परियोजना का उद्देश्य समावेशी विकास के लिये ग्रामीण भारत का

डिजिटल तौर पर रूपान्तरण करना है। इसके जरिये गांवों में हाई स्पीड इंटरनेट और आवश्यक ई–गर्वनेंस के साथ–साथ वित्तीय शिक्षा और टेलीमेडिसिन सेवाएं बेहतर ढंग से प्रदान की जायेंगी। इस परियोजना से पीलीभीत और गोरखपुर में सीएससी केन्द्र, आधार पंजीकरण, बैंकिंग और ई कॉमर्स सहित कई तरह की सेवाएं उपलब्ध हो जायेंगी।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को जन समस्याओं के समाधान के प्रति संवेदनशील रहने का निर्देश दिया है। श्री योगी ने आज गोरखपुर के गोरक्षनाथ मंदिर परिसर में आयोजित जनता दर्शन में गोरखपुर और आसपास के जिलों से आये लोगों की समस्याओं को सुनने के बाद अधिकारियों से कहा कि जन समस्याओं से जुड़ी शिकायतों का न सिर्फ संज्ञान लिया जाये, बल्कि संतुष्टिपरक समाधान भी सुनिश्चित किया जाना चाहिये। जनता दर्शन के दौरान अपराध और जमीन पर कब्जा किये जान संबंधी शिकायतों के अलावा लोगों ने इलाज के लिये आर्थिक मदद की गुहार भी लगाई। मुख्यमंत्री ने उन्हें भरोसा दिलाया कि इलाज के मामले में धन का अभाव नहीं होने दिया जायेगा और भू–माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी।

———————

राज्य सरकार अतंर्राष्ट्रीय किक बॉक्सर रिंका सिंह चौधरी को आर्थिक मदद देगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस सिलसिले में संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिये हैं। गोरखपुर जिले को गौरी मंगलपुर निवासी रिंका सिंह चौधरी ने आज मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उनसे आगामी अतंर्राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिताओं के लिये आर्थिक मदद देने का अनुरोध किया। इस पर श्री योगी ने कहा कि किसी भी खेल प्रतिभा के प्रोत्साहन के लिये सरकार धन की कमी नहीं आने देगी। रिंका सिंह चाधरी ने सितम्बर माह में उज़्बेकिस्तान में आयोजित अतंर्राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग विश्वकप में सिल्वर मेडल जीता था और पिछले दिनों कम्बोडिया में हुए एशियन किक बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में भी रजत पदक हासिल किया है।

---

प्रदेश में प्रकाश पर्व दीपावली आज भी मनाया जा रहा है। इस क्रम में आगरा वासियों में खासा उल्लास है। यहां बहुमंजिला इमारतों घरों और प्रतिष्ठानों को परम्परागत संस्कृति के अनुरूप मिट्‌टी के दीये जलाकर रौशन किया गया है। शाम होते ही आतिशबाजी का सिलसिला शुरू हो गया है और बच्चे और बुजुर्ग इसका आनन्द ले रहे हैं। बुन्देलखंड में दीपावाली के मौके पर लठमार दिवारी की परम्परा प्राचीनकाल से चली आ रही है। महोबा में लोग जगह–जगह लठमार दिवारी खेल रहे हैं। इस नृत्य से बच्चे

और युवा आत्मरक्षा और युद्ध कलाओं के गुर सीख रहे हैं। वहीं दिवाली लोकनृत्य में हिन्दू–मुस्लिम एकता की झलक देखने को मिल रही है। बुन्देली सभ्यता की यह परम्परा अगले कई दिनों तक जारी रहेगी।

उधर, प्रदेश के विभिन्न इलाकों में दीपावली के दूसरे दिन आज जमघट मनाया जा रहा है। राजधानी लखनऊ में जमघट मनाने की विशष परम्परा है। और विवरण हमारे प्रतिनिधि से.......

*उत्तर भारत में दीवाली के दूसरे दिन जमघट मनाने की परम्परा वर्षो पुरानी है। राजधानी लखनऊ में जमघट का विशेष महत्व है और इस परम्परा की शुरूआत नवाबों के दौर में शुरू हुई थी। शहर में इस बार जमघट दो दिन मनाया जायेगा। इसकी वजह यह है कि रौशनी का त्योहार दीपावली आज भी मनाया जा रहा है। जमघट के दिन लखनऊ में पतंग उड़ाने की विशेष परम्परा है। खासतौर से नगर के पुराने इलाके में लोग पतंगबाजी में खास दिलचस्पी दिखाते हैं। आज भी लोगों ने दिल खोलकर पतंगबाजी का आनन्द लिया और परम्परागत पतंगबाजी का यह सिलसिला कल भी जारी रहेगा। इतिहासकारों का मानना है कि नवाबी काल में शाही खानदान के लोग सोने के तार की पतंग इसलिये उड़ाते थे, ताकि पेच लड़ाते समय जिस गरीब के घर में सोने के तार गिर जायें, तो इससे उसकी दरिद्रता दूर हो सके। मुमताज अली, आकाशवाणी समाचार, लखनऊ।*

——————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0

पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

विन्ध्याचल के मिजापुर, सोनभद्र और भदोही जिलों में जल्द ही बिजली आपूर्ति व्यवस्था में सुधार किया जायेगा। और ब्यौरा हमारे प्रतिनिधि से.........

*मिर्जापुर, सोनभद्र और भदोही जिले में बिजली सप्लाई व्यवस्था में सुधार लाने के लिये 68 करोड़ रूपये खर्च किये जायेंगे। विद्युत निगम बिजनेस प्लान के तहत इन तीनों जिलों में ट्रांसफार्मस की क्षमता में बढ़ोत्तरी की जायेगी। नई लाइनों के निर्माण के साथ उप केन्द्रों की क्षमता वृद्धि सहित कई अन्य काम कराये जायेंगे। प्लान में मिर्जापुर में 243, भदोही में 266 और सोनभद्र में 48 विद्युत सुधार संबंधी कार्य शामिल है। मुख्य अभियंता वितरण जेपीएन सिंह ने बताया कि जल्द ही यह सभी कार्य पूरे कराये जायेंगे, ताकि लोगों को निर्बाध और बेहतर बिजली आपूर्ति मिल सके। एस0एम0 सबा, आकाशवाणी समाचार, मिर्जापुर।*

——————————

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत अब 70 वर्ष और इससे अधिक आयु के नागरिकों को मुफ्त इलाज उपलब्ध कराया जायेगा। प्रधानमंत्री ने पिछले दिनों स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़ी कई परियोजनाओं का लोकार्पण करने के दौरान इस व्यवस्था का शुभारंभ किया था। योजना के शुरू होने से राज्य के वरिष्ठ नागरिकों ने खुशी

जताई है। अलीगढ़ जिले के धर्मकुमार शर्मा और गुड्डी देवी ने कहा कि इस योजना से उन्हें काफी लाभ मिलेगा।

बाइट....

*मोदी जी का ये बड़ा सराहनीय कार्य है। उन्होंने 70 साल से ऊपर वाले लोगों के लिए निशुल्क स्वास्थ्य की व्यवस्था की है। निशुल्क उनका उपचार होगा। ये बहुत ही सराहनीय कार्य है। मोदी जी इस देश के लिए बहुत कुछ कर रहे है। ये बहुत अच्छी योजना शुरू करी है, जो 70 साल के ऊपर है। उनका मुफ्त में इलाज होगा यह बहुत अच्छा है बहुत सराहनीय काम है इनके लिए।*

————————

राज्य में दो अलग–अलग सड़क हादसों में सात लोगों की मौत हो गई और चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। हाथरस में आज दोपहर एक सड़क हादस में तीन बच्चे और दो महिलाओं सहित पांच लोगों की मौत हो गई और तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। यह दुर्घटना अलीगढ़–आगरा नेशनल हाईवे पर उस समय हुई, जब एक तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराकर खाई में पलट गई। वहीं अम्बेडकरनगर के सुखारगंज बाजार में बाइक सवार तीन लोगों को एक कार ने टक्कर मार दी, जिससे लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुर्घटना में मौत का शिकार हुए लोगों के परिजनों के प्रति संवेदना जताई। उन्होंने अधिकारियों को घायलों के समुचित उपचार के निर्देश भी दिए हैं।

———————

जनसंघ के संस्थापक सदस्य और पूर्व विधायक श्री नारायण उर्फ भुलई भाई का कुशीनगर जिले में उनके पैतृक गांव पगार छपरा में आज राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया। 110 वर्षीय श्री नारायण श्यामा प्रसाद मुखर्जी, दीनदयाल उपाध्याय, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी के साथियों में थे। वह 1974 और 1977 में जनसंघ के टिकट पर जनपद की नेबुआ नौरंगियां विधानसभा सीट से दो बार विधायक भी रहे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने भुलई भाई के निधन पर गहरा शोक जताया है। श्री योगी ने उनके निधन को पार्टी के लिये अपूर्णनीय क्षति बताया है। उन्होंने कहा कि राजनीति और सामाजिक क्षेत्र में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जायेगा।

———————

केन्द्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ0 मनसुख मांडविया ने युवाओं का आह्वान किया है कि वे प्रतिष्ठित राष्ट्रीय युवा पुरस्कार 2022–23 के लिए आवेदन करें। ये पुरस्कार 15 से 29 वर्ष की आयु के व्यक्तियों और संगठनों को विकास और समाज सेवा के विभिन्न क्षेत्रो में उत्कृष्ट कार्य और योगदान के लिए दिए जाते हैं। पुरस्कार के रूप में व्यक्ति को पदक, प्रमाण–पत्र और एक लाख रूपये नकद

तथा संगठन के मामले में तीन लाख रूपये नकद दिए जाते है। 2022–23 के राष्ट्रीय युवा पुरस्कारों के लिए आवदन गृह मंत्रालय के पुरस्कार पोर्टल के जरिए आमंत्रित किए गए हैं। आज से इस महीने की 15 तारीख तक आवेदन किया जा सकता है।

(समाप्त)